सार-समाचार

## पायलट के जन्मदिन पर बांटे फल




**बयाना/भरतपुर,** (निसं)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बयाना द्वारा सचिन पायलट का 48वां जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने केक काटकर पायलट का जन्मदिन मनाया और उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं व बधाइयां दीं। कार्यक्रम के तहत सामाजिक सरोकार निभाते हुए बयाना उपजिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया एवं बाल आश्रम जाकर बच्चों के साथ भी जन्मदिन की खुशियाँ साझा की गईं। इस आयोजन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, युवा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिकगण उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में पायलट के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल जन्मदिन मनाना था, बल्कि समाज में सेवा व सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करना रहा जो सचिन पायलट जी की कार्यशैली और विचारधारा का प्रतिबिंब है।

## अग्रवाल समाज के चुनाव संपन्न

**करौली,** (निसं)। अग्रवाल समाज अध्यक्ष सहित प्रन्यास मंडल के ट्रस्टियों और कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव संपन्न हुए वहीं देर रात तक मतगणना जारी रही। करौली की अनाज मंडी स्थित अग्रवाल समाज सदन में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष सहित प्रन्यास मंडल के 6 ट्रस्टियों व कार्यकारिणी के 20 सदस्यों के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुए चुनाव प्रक्रिया प्राप्त 9:00 बजे शुरू हुई और शाम 6 बजे तक मतदान हुआ लोगों में चुनाव के प्रति उत्साह कम देखने को मिला वहीं प्रत्याशियों में मतदाताओं को मतदान करने के लिए बूथ तक लाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। अग्रवाल समाज के कुल मतदाता 3384 में से 1454 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया मुख्य निर्वाचन अधिकारी कैलाश चंद भगत ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार आमने-सामने थे तो वही मंदिर श्री गोविंद देव जी प्रन्यास मंडल के 6 ट्रस्टियों के पद पर 13 लोग भाग्य आजमा रहे थे वही अठावाल समाज संस्था की कार्यकारिणी के 20 पद के लिए 31 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद रात 8:00 बजे से मतगणना का कार्य शुरू किया गया जो देर रात तक जारी रहा उन्होंने कहा कि मतगणना के बाद विजय प्रत्याशियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ एवं जीत के प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

## हरीश चंद्र निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**सूरौठ,** (निसं)। गांव चिनायटा स्थित चामुंडा माता मंदिर परिसर में रविवार को आयोजित चौबीसा ब्राह्मण समाज की बैठक में समाज अध्यक्ष का चुनाव संपन्न कराया गया। इसमें सर्वसम्मति से सूरौठ निवासीहरीश चंद्र शर्मा को चौबीसा ब्राह्मण समाज का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। बैठक की शुरुआत भगवान परशुराम की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई, जिसमें सभी सदस्यों ने एकमत होकर हरीश चंद्र शर्मा को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष का समाजजनों ने साफा एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया। इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष प्रकाश नारायण सहारिया जटवाड़ा, सूरौठ ब्राह्मण समाज के नगर अध्यक्ष बालकृष्ण शर्मा, पूर्व अध्यक्ष रामनिवास शर्मा खेड़ी हैवत, महेश शर्मा हुक्मी खेड़ा, कैलाश उपाध्याय ढिंढोरा, बाबूलाल कटारा सोमली, ओमप्रकाश पाराशर भुकरावली, डॉ. घनश्याम व्यास, अरविंद चतुर्वेदी, प्रमोद तिवाड़ी सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। बैठक में समाज सुधार एवं एकता को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्षहरीश चंद्र शर्मा ने कहा कि समाज ने जो विश्वास जताया है, उसका वे पूरी निष्ठा और निष्पक्षता के साथ निर्वहन करेंगे।

## पुष्पांजलि सभा आज

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। शहर के दबंग, दमदार और संघर्षशील नेता, पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष ओमप्रकाश मित्तल की 33वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज करौली रोड स्थित लोहिया की बगीची मोक्षधाम के पास पुष्पांजलि सभा आयोजित की जाएगी। मित्तल, जिन्हें 'बब्बर शेर' और 'जुझारू नेता' के नाम से जाना जाता था, ने अपने कार्यकाल में हिण्डौन के सर्वांगीण विकास और आमजन की भलाई के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी संघर्षशील कार्यशैली और जनसेवा की भावना ने उन्हें जन-जन का प्रिय बनाया।पुष्पांजलि सभा में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, व्यावसायिक वर्ग के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन शामिल होंगे। इस अवसर पर स्वर्गीय मित्तल के जीवन और कार्यों को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे तथा उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया जाएगा।

## चौधरी आठवीं बार बने ब्लॉक अध्यक्ष

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। एसीसी गुरुकुल विद्यालय मोहन नगर में रविवार को राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम उपशाखा हिंडौन के सत्र 2025-26 के वार्षिक चुनाव सम्पन्न हुए। चुनाव अधिकारी प्रगति अठावाल, सहायक चुनाव अधिकारी प्राची गुप्ता एवं पर्यवेक्षक अमित गोयल की देखरेख में हुए चुनाव में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर परदेवेंद्र चौधरी को लगातार आठवीं बार ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया।कार्यकारिणी में राजेंद्र तोमर संरक्षक, नागेंद्र बैनीवाल सभाध्यक्ष, पवन भारद्वाज उपसभाध्यक्ष, नीरज बंसल कार्यकारी अध्यक्ष, नरेश गुप्ता उपाध्यक्ष (प्रारंभिक शिक्षा), राममूर्ति चतुर्वेदी उपाध्यक्ष (माध्यमिक शिक्षा), रूबी धाकड उपाध्यक्ष (महिला), पीयूष गर्ग ब्लॉक मंत्री, प्रतिभा गुप्ता महिला मंत्री, राजकुमार गर्ग कोषाध्यक्ष तथा मनीष मित्तल संगठन मंत्री बनाए गए। इसके अलावा संयुक्त मंत्री नमोनारायण मीणा, प्रवक्ता दीपेंद्र बिंदल, प्रचार मंत्री विक्रम बेनीवाल, अर्चना जैन, राकेश जाटव, शुभम गुप्ता, सत्येंद्र गुप्ता, शमशाद शेख, कमल किशोर शर्मा, भूप सिंह, चेतन सिंह मावई सहित बड़ी संख्या में जिला एवं प्रदेश महासमिति सदस्य चुने गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने और शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

## जिला प्रशासन को अवमानना नोटिस जारी

**भरतपुर,** (निसं)। राजस्थान उच्च न्यायालय ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की पालना नहीं किये जाने पर मुख्य सचिव राजस्थान सहित, प्रमुख सचिव यू.डी.एच जिला कलक्टर भरतपुर, कमिश्नर भरतपुर विकास प्राधिकरण एवं कमिश्नर नगर निगम भरतपुर को न्यायालय की अवमानना के नोटिस कर न्यायालय में तलब किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला सुप्रीम कोर्ट के आदेश की पालना नहीं किए जाने पर उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की है जिसमें 28.8.2025 के नोटिस जारी किये गये हैं।मामला सार्वजनिक स्थानों पर मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारे, मकबरा आदि से जुडा हुआ है प्राप्त जानकारी के अनुसार मूलतः गुजरात उच्च न्यायालय ने टाइम्स ऑफ इंडिया में प्रकाशित समाचार से स्वसंज्ञान लेकर सार्वजनिक स्थानों पर बने हुए धार्मिक स्थलों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए उन्हें बिना भेदभाव के हटाने के निर्देश दिये थे। तत्पश्चात यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुँचा। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लिया और पाया कि धर्म की आड में देशभर में मंदिर मस्जिद गुरूद्वारा आदि निर्माण का अतिक्रमण किए जा रहे हैं जो सार्वजनिक न्यूसेंस पैदा का रहे हैं इसलिए सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बना लिया तथा आदेश को देश के सभी राज्यों के लिए लागू किया गया। न्यायालय ने आदेश दिए सार्वजनिक पार्क आदि सार्वजनिक पार्क आदि सार्वजनिक स्थानों पर मंदिर मस्जिद चर्च गुरूद्वारा आदि किसी भी धार्मिक का निर्माण नहीं होने दिया जावे। सार्वजनिक स्थानों पर पूर्व के हुए ऐसे निर्माणों पर सरकार पुनः परीक्षण करा कर शीघ्र इन्हें व्यवस्थित करने की कार्यवाही करें। न्यायालय ने सभी जिला कलक्टर, डिप्टी कमिश्नर, जिला प्रभारी को विशिष्ट रूप से निर्देश दिए कि वह यह सुनिश्चित करें कि इस न्यायालय द्वारा पारित आदेश की पूर्ण पालना व मुख्य सचिव के माध्यम से रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# प्रस्तावित एलीवेटेड ओवरब्रिज के विरोध में जुलूस निकाला

भरतपुर (निस)। भरतपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स सोसायटी द्वारा तोप सर्किल से स्टेशन रोड पर प्रस्तावित ऐलीवेटेड ओवरब्रिज के विरोध में जुलूस निकाला, जिसमें सोसायटी के लगभग 125-140 सदस्यों ने हाथों में तख्ती पर "हम सब एक हैं, फ्लाई ओवर के खिलाफ हैं" तथा काले झण्डे दिखाकर विरोध प्रकट किया।

सोसायटी भवन पर सभी पुनः एकत्रित होकर अगली विरोध रणनीति पर चर्चा की एवं रोष प्रकट किया कि हमारा शांतिपूर्वक आन्दोलन गत 8 दिनों से चल रहा है लेकिन शासन प्रशासन के अधिकारीगणों के कानों पर जूं भी नहीं रेंग रही है कि वह हमें सार्वजनिक रूप से प्रकाशित करे कि सडक व ऐलीवेटेड ब्रिज की चौडाई क्या है ? सभी ने पूरे जोर की आवाज में कहा कि सरकार के प्रतिनिधि, संबंधित ऐजेन्सी व संबंधित पीडव्लूडी विभाग द्वारा कोई भी सूचना नहीं देने से जो असमंजस की स्थिति बनी हुई है वह शीघ्र ही इसका निराकरण नहीं किया गया तो इस आन्दोलन को तीव्र गति से चलाया जावेगा जिससे प्रशासन व शासन को सूचना देने को बाध्य किया जाये व भारी




ऑटोमोबाइल डीलर्स सोसायटी द्वारा तोप सर्किल से स्टेशन रोड तक विरोध जुलूस निकाला।

शंका समाधान जनहित में किया जावे एवं यह भी निर्णय लिया गया कि दिनांक 8.9.25 को मुख्यमंत्री जन सुनवाई केन्द्र पर मुख्यमंत्री जी के नाम इस संदर्भ में ज्ञापन दिया जावे। इस मीटिंग में संघर्ष समिति के अयक्ष मोहनचंद सिंघल, सचिव निरंजन मित्तल, उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र कुमार, बनवारी लाल, प्रवीन जैन, मुकेश ब्रजवासी, कपिल फौजदार, केशव बंसल, राजेश खंडेलवाल आदि उपस्थित सदस्यों ने अपने विचार प्रकट कर इस ब्रिज के प्रति विरोध दर्ज कराया।

## आर्थिक सहायता दी

**नदबई/भरतपुर,** (निसं)। बरौलीछार निवासी युवक अजय सिंह की जयपुर बरकत नगर में अर्जुन फाटक के समीप विद्युत करंट से मौत होने के मामलें में पूर्व विधायक जोगेन्दर अवाना ने परिजनों के बीच पहुंचते हुए सांत्वना दी। वही, बेवा महिला के परिवार की आर्थिक स्थिति देखते हुए मौके पर ही एक लाख रुपए की सहायता करते हुए हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इससे पहले पूर्व विधायक ने घटना को लेकर भी परिजनों से बात करते हुए प्रदेशस्तर पर चर्चा करने व आर्थिक सहयोग दिलाने को कहा। गौरतलब है कि, 31 अगस्त की देर रात करीब 11.30 बजे बरौलीछार निवासी अजय सिंह, कैफे पर कार्य करने के बाद बाइक से अहिंसा मॉर्ग स्थित अपने किराए के कमरें पर जा रहा। इसी दौरान बरकत नगर में अर्जुन फाटक के समीप सडक किनारे गड्डे में गिर गया। युवक ने बचने के लिए सडक किनारे खडे विद्युत पोल को जैसे ही पकडा तो विद्युत पोल में आ रहे करण्ट से युवक की मौत हो गई।

# गुब्बारा फोड़ जूनियर वर्ग में अवंति अग्रवाल प्रथम

■ **खेलकूद प्रतियोगिता के साथ अग्रसेन जयंती महोत्सव का हुआ आगाज**

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। अग्रसेन जयंती महोत्सव के 15 दिवसीय कार्यक्रमों का शुभारम्भ रविवार प्रातः 8 बजे अग्रवाल धर्मशाला परिसर में अग्रवाल कर्मचारी विकास समिति के संयोजन में बच्चों की खेल कूद प्रतियोगिता के साथ हुआ। संयोजक डॉ, विकास गुप्ता एवं सुरेश चंद गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रजनीकांत मंगल, विशिष्ट अतिथि प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र गर्ग एवं जिला प्रवक्ता वेद प्रकाश मंगल व प्रेमचंद तलवाडा रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास समिति अध्यक्ष राधा मोहन गोयल द्वारा की गई। सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर अतिथियों को माला व साफा पहनाकर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मंच संचालन बालकिशन बंसल द्वारा किया गया। बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता में गुब्बारा फोड, जलेबी लपका, कुर्सी दौड, चम्मच दौड में बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिताएं घनश्याम सेवा, रविंद्र अग्रवाल, सीताराम गुप्ता, गोपाल व्याख्याता, कमलेश गुप्ता, राजीव मित्तल द्वारा आयोजित कराई गई।

जिसमें गुब्बारा फोड जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान अवंति अग्रवाल, द्वितीय स्थान पर जतिन गुप्ता रहे। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान अन्यया गोयल, द्वितीय स्थान पर मयूर गुप्ता रहे। चम्मच दौड जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान रुद्रांश अग्रवाल ने व द्वितीय स्थान पर हार्दिक गोयल विजेता रहे। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान अदवय सिंघल द्वितीय स्थान आरव गुप्ता एवं वेदिका अग्रवाल ने प्राप्त किया।

कुर्सी दौड जूनियर वर्ग में लसिका गुप्ता प्रथम द्वितीय स्थान पर मिष्टी गोयल रही। जलेबी लपक जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान साक्षी अग्रवाल, लसीका गुप्ता द्वितीय स्थान शिवम अग्रवाल कृष्ण कुमार गुप्ता ने प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान हिमांशी बंसल द्वितीय स्थान सक्षम मित्तल द्वारा प्राप्त किया। सभी विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।

# मुआवजा स्वीकृत करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के दिए निर्देश

**करौली,** (निसं)। राज्य मंत्री गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग व जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म एवं जिला प्रभारी सचिव अनुपमा जोरवाल ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में अतिवृष्टि से उपजे हालातों और प्रभावित क्षेत्रों में चलाए जा रहे राहत कार्यों की गहन समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अतिवृष्टि से प्रभावित जरूरतमद की हर संभव सहायता कर त्वरित राहत पहुचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए अधिकारी समन्वयपूर्वक कार्य करें और राहत कार्यों की निरंतर निगरानी करें। बैठक में प्रभारी मंत्री ने शहर चलो, गांव चलो अभियान, एसडीआरएफ मानकों के अनुसार आपदा राहत से संबंधित प्रस्ताव, फसल खराबा, गिरदावरी, पंच गौरव कार्यक्रम की गतिविधियां, नवीन पैक्स एवं सहकारिता कानूनों की जानकारी किसानों को देकर प्रचार-प्रसार करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने जिले में अब तक हुई मानसूनी वर्षा के आंकड़ों, अतिवृष्टि के कारण हुए विभिन्न प्रकार के नुकसान, और आपदा के दौरान अपनी जान गंवाने वाले लोगों के आश्रितों को दी जाने वाली सहायता की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से आकाशीय बिजली गिरने तथा पानी में डूबने से हुई मौतों पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को तत्काल मुआवजा स्वीकृत करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिला प्रभारी मंत्री ने सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि राहत का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचे।जिला प्रभारी मंत्री ने किसानों की समस्याओं को बैठक का मुख्य केंद्र बताते हुए उन्होंने कृषि व राजस्व विभाग को निर्देश दिया कि खराब फसलों की गिरदावरी राज्य सरकार के निर्देशों के अनुरूप शीघ्र व पूर्ण पारदर्शिता के साथ कराई जाए, ताकि किसानों को मुआवजा व फसल बीमा का लाभ शीघ्र मिल सके।

उन्होंने कहा कि किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और आपदा की इस घडी में सरकार उनके साथ खडी है। बैठक में प्रभारी मंत्री ने वर्षा से क्षतिग्रस्त सडक, पुलिया, स्कूल, अस्पताल व आंगनबाड़ी केन्द्रों की मरम्मत के कार्यों हेतु उचित प्रस्ताव तैयार कर सक्षम स्तर को भिजवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। बैठक में जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने प्रभारी मंत्री को जिले की समठा स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा वर्षा प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य युद्ध स्तर पर चलाए जा रहे हैं।

## पौधारोपण किया

**भरतपुर,** (निसं)। भारतीय राष्ट्रीय कांठोस के महासचिव पूर्व प्रदेश कांठोस अध्यक्ष सचिन पायलट के 48वें जन्म दिवस पर हनुमान मंदिर भूरी सिंह व्यायामशाला भरतपुर में जिला कांठोस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व्यायामशाला के संचालक चुन्नी कप्तान की अध्यक्षता में बगीची में पांच पौधे लगाये गए जिनमें मोसमी, कटहल, अमरूद, बेलपत्र व अशोक के व 48 किलो फल केला व अमरूद व सेवा पहलवानों व भक्तों में वितरित किये गये।

कर्यक्रम में प्रदेश कांठोस के महामंत्री धर्मेन्द्र शर्मा, जगदीश बंजी, रेडक्रास के सचिव पवन खंडेलवाल, पूर्व पार्षद ब्रजेन्द्र चीमा, अवधेश शर्मा, जीवनलाल शर्मा, संजय चंदेला, शिक्षक कांग्रेस के रामेश्वर सेनी, रमेश पाठक, चन्द्रभान फौजदार, सेवादल के ब्रजेश शर्मा, वीरेन्द्र नागर, संतोषी लाल गर्ग वकील, रमेश सतीजा, बल्लो पहलवान सेह, रामू पहलवान, अर्जुन कोच, मूलचंद बंजी, ओमप्रकाश ठाकुर, जुगल वशिष्ट, श्याम सुन्दर आदि मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की जीएसटी को लेकर बैठक सम्पन्न

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जीएसटी पर दी गई छूट को लेकर रविवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर खंडार विधानसभा एवं सवाईमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई।

जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा एवं जिला सह मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल रहे एवं अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला महामंत्री विनोद अटल, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ भरतलाल मथुरिया, प्रेमप्रकाश शर्मा, पूर्व यूआईटी चेयरमैन जगदीश अग्रवाल, पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मीणा, पूर्व प्रधान गिरिराज गुर्जर उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष ने जीएसटी के बारे में बताते हुए कहा कि भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति बन रहा है जीएसटी पर छूट देकर मोदी ने यह साबित किया है कि भारत आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर है। जीएसटी में दो स्लैब को खत्म किया उसके लिए जिले के व्यापारियो द्वारा संपूर्ण जिले में सम्मेलन करके मोदी का धन्यवाद ज्ञापित किया जाएगा। प्रत्येक मंडल स्तर पर मोदी एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद के



भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेते जिलाध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री।

रूप में हर कार्यकर्ता जीएसटी के फायदे आम जनता तक पहुंचाए जाएंगे। बैठक में वर्तमान विधायकों द्वारा अतिवृष्टि पर स्वयं द्वारा करवाए गए सर्वे पर भी चर्चा हुई। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि अतिवृष्टि में लोगो को हुए नुकसान को सरकार तक पहुंचा कर पीडित लोगों को राहत दिलवाया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जितेंद्र गोठवाल ने बताया कि जीएसटी में ऐतिहासिक छूट हुई है। कई रोजमर्रा की चीजों में जीएसटी कम की गई है एवं कई चीजों से जीएसटी हटा दी गई है इससे आम जनता को बहुत बडा फायदा मिलेगा एवं सामान्य परिवार के खर्चों में करीब 5 से 10000 रु महीने की कमी आएगी। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि गांव की चौपाल और जहां भी कार्यकर्ता जाएं वहां लोगों को जीएसटी के बारे में बताएं। जीएसटी की छूट का फायदा हर परिवार को हुआ है खासकर किसान वर्ग को इसका सबसे ज्यादा फायद मिला है। बैठक में दोनों विधानसभा एवं जिले के कार्यकर्ताओं का पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ भरतलाल मथुरिया ने आभार जताया है। बैठक में पार्टी द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाडे के रूप में मनाने की भी योजना तय की गई।

सार-समाचार

## संगोष्ठी का आयोजन



**भरतपुर,** (निसं)। राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रो. यशवंतराव केलकर आदर्श प्राध्यापक विषय पर संगोष्ठी का आयोजन महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. त्रिभुवन शर्मा ने की एवम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत संगठन मंत्री पूरण सिंह शाहपुरा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भरतपुर विभाग के प्रचारक उत्कर्ष विशेष रूप से उपस्थित रहे। अभाविप के प्रांत संगठन मंत्री पूरण सिंह शाहपुरा ने प्रो. यशवंतराव केलकर के जीवन, उनके आदर्शों एवं शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। और कहा कि प्रो. केलकर केवल एक श्रेष्ठ प्राध्यापक ही नहीं, बल्कि एक सच्चे मार्गदर्शक, प्रेरणास्रोत एवं समाज के लिए आदर्श व्यक्तित्व थे। उन्होंने विद्यार्थियों के समठा विकास हेतु शिक्षा को जीवन से जोड़ने का कार्य किया।उन्होंने यह संदेश दिया गया कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का साधन न होकर राष्ट्र निर्माण का सशक्त आधार है। प्रो. केलकर का जीवन प्रत्येक शिक्षक और विद्यार्थी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। विभाग प्रचारक उत्कर्ष के बताया कि कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। वे केवल ज्ञान देने वाले ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण के मार्गदर्शक भी होते हैं। वेद, उपनिषद और गीता जैसी महान ठांथों में गुरु को ईश्वर के तुल्य बताया गया है गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वरः। भारतीय परंपरा में शिक्षा केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का साधन न होकर जीवन मूल्यों, नैतिकता और कर्तव्यबोध का आधार रही है। शिक्षक विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करते हैं। आधुनिक समय में भी शिक्षक का दायित्व है कि वह छात्रों को केवल रोजगारपरक शिक्षा ही न दें, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक और आदर्श मानव बनने की दिशा में प्रेरित करें।

## किशोरों मे बढ़ रहा इन्टरनेट का दुष्प्रभाव

**करौली,** (निसं)। राजस्थान मे किशोरो विशेषकर 10 से 19 वर्ष के बालक बालिकाओं मे इंटरनेट की लत एक गंभीर समस्या बन गई है। किशोरो मे इंटरनेट का उपयोग विशेषकर सोशल मिडिया, ओटीटी प्लेटफॉर्म, शार्ट वीडिओ के रूप मे तेजी से बढ़ने से मानसिक स्वास्थ्य, संज्ञानात्मक कार्यप्रणाली एवं शैक्षिणक प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है। उन्होने बताया कि मेडिकल कॉलेज, करौली के संकाय सदस्यों सहायक आचार्य डॉ प्रेमराज मीना, डॉ विजय सिंह, डॉ अनीता मीना, डॉ ललिता द्वारा, उपलब्ध सरकारी आकडो, पूर्व मे हुए शोध एवं वर्तमान स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन करने, इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग एवं इससे जुडे परिणामो, व्यावहारिक उपायों को जिला स्तरीय प्रासंगिक उपायों से जोड़ते हुए इंटरनेट की लत का स्तर, उपयोग के उदेश्य, मनोवैज्ञानिक एवं संज्ञानात्मक परिणामो के मात्रात्मक मूल्यों की जाँच करते हुए उनकी तुलना शैक्षिणक सुविधाओं, आईसीटी तक पहुंच और सामाजिक- आर्थिक कारको के आधिकारिक आकडो से की गई।शोध परिणाम के अनुसार, इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग से किशोरों मे गैर शैक्षिणक उपयोग की ऊँची दर एवं इंटरनेट की लत के स्तर मे वृद्धि से चिंता, उच्च तनाव, अवसाद, पढ़ाई के समय मे कमी एवं शैक्षिणक स्तर मे कमी पाई गई।शहरी एवं ठाामीण क्षेत्रो मे आईसीटी सुविधाओं, उपकरणों के स्वामित्व और शैक्षिणक संसाधनों तक पहुंच मे काफ़ी अंतर पाया गया जिसका अर्थ है की इंटरनेट तक पहुंच और उपयोग का पैटर्न दोनों ही, बुनियादें ढांचे एवं आर्थिक पहलुओं पर निर्भर है। ये परिणाम दर्शाते है की डिजिटल पहुंच और जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग, दोनों को बढाबा देने के लिए विशिष्ट उपायों की आवश्यकता है।

## ओवरब्रिज पर गड्डे बने परेशानी का सबब

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। शहर की भीतरी सडको की स्थिति तो पहले से ही खराब है वहीं अव बाहरी सडको की हालत भी खराब होने से आमजन को आवागम के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। हिंडौन और करौली की ओर जाने वाले मार्गों की स्थिति चिंताजनक हो गई है। ओवर ब्रिज और मेगा हाईवे बाईपास मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। करौली रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण के कारण हिंडौन मेगा हाईवे एकमात्र वैकल्पिक मार्ग है। इस मार्ग पर 6 इंच गहरे और करीब 2 फीट चौडे गड्ढे हैं। भारी यातायात के दबाव के बीच यह स्थिति वाहन चालकों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। करौली मार्ग बंद होने से आसपास के गांवो में जाने का यहीं एक मात्र रास्ता है। हाल ही में गणेश विसर्जन शोभायात्रा के लिए विभाग ने गड्ढों की सतही मरम्मत की। हिंडौन-करौली बाईपास तिराहे की स्थिति और भी खराब है। बारिश के मौसम में यहां जलभराव और फिसलन की समस्या बनी रहती है। समाजसेवी वेद प्रकाश मंगल ने प्रशासन से तत्काल मरम्मत की मांग की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद विभाग केवल दिखावटी कार्रवाई कर रहा है। सडक की स्थायी मरम्मत की आवश्यकता है। आमजन ने प्रशासन से इस समस्या के समाधान की स्थायी मांग की हैं।

## सचिन पायलट का मनाया जन्मदिन

**करौली,** (निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश कांठोस कमेटी के सचिव भूपेंद्र भारद्वाज के नेतृत्व में सेवा व सहयोग के कार्य किए गए। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पुनर्वास गृह काव्य शिक्षा एवं विकास संस्थान तथा तीन बड में कच्ची बस्ती में पहुँचकर बच्चों एवं जरूरतमंद लोगों को फल वितरण किया और पायलट जी का जन्मदिन सेवा कार्यों के माध्यम से मनाया।पीसीसी सचिव भूपेंद्र भारद्वाज ने कहा कि सचिन पायलट सदैव युवाओं और समाज के प्रत्येक वर्ग के प्रेरणास्रोत रहे हैं। उनका जीवन समाजसेवा, संगठन और जनहित के कार्यों को समर्पित है। उनके जन्मदिन पर जरूरतमंदों की सेवा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धा है।इस अवसर पर पीसीसी सचिव पुष्पेन्द्र मीना, पीसीसी सदस्य महेंद्र सुरोठिया, महेन्द्र मुद्गल, ललित शर्मा, विश्राम बैरवा, अफजल कुरैशी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे और सभी ने मिलकर पायलट के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

## आर्य वीर दल देगा विशेष प्रशिक्षण

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। आर्य वीर दल गंगापुर सिटी के तत्वाधान में शनिवार को रात्रि 7.30 बजे से देवी स्टोर स्थित आर्य समाज मंदिर में आयोजित मीटिंग में विजय दशमी पर्व धूमधाम से मनाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। प्रवक्ता आशुतोष आर्य ने बताया कि इस वर्ष भी 2 अक्टूबर को प्रातः 6 बजे से श्री जी स्थित बजाजा ट्रस्ट मैरिज गार्डन में विजय दशमी के उपलक्ष्य में विशाल शौर्य प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां को लेकर श्री जी स्थित मुख्य शाखा में 8 सितंबर सोमवार से सायं 5.15 बजे से 7 बजे तक गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए राजस्थान के प्रशिक्षित व्यायाम शिक्षकों को बुलाया गया है जो कि आर्य वीरों को विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण देंगे जो भी युवा व विद्यार्थी प्रशिक्षण में और शौर्य प्रदर्शन में भाग लेना चाहते है वह सोमवार से शाखा स्थल पर पहुंचकर के शामिल हो सकते है। बैठक में कार्यक्रम का संयोजक प्रदीप शर्मा को बनाया गया। इस दौरान मीटिंग में नरेंद्र आर्य, वीरेंद्र आर्य, संजय आर्य, भीम कुमार सैनी, गिरीश आर्य, सुमन आर्या, रेणु आर्या आदि के अलावा अन्य कई कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

## शिक्षक संघ के चुनाव 14 को

**करौली,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की जिला शाखा के वार्षिक चुनाव 14 सितम्बर रविवार को आयोजित किये जाएंगे। संघ के जिला प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि चुनाव अधिकारी भरतपुर संभाग मण्डल उपाध्यक्ष रामनरेश सिंह राठौड़ एवं पर्यवेक्षक देवेन्द्र कुमार शर्मा अलवर के द्वारा डाइट परिसर करौली में निर्वाचन प्रक्रिया प्रातः 8 बजे से प्रारम्भ होगी जिसमें प्रातः 9 बजे से 11बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किये जाएंगे तथा आवश्यकता होने पर दोपहर 1:30 से 3 बजे तक मतदान कराया जाएगा।जिला महामंत्री गिरधारी लाल नामा ने बताया कि जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री, सभा अध्यक्ष, उपसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, महिला मंत्री, सचिव आदि विभिन्न पदों के लिए निर्वाचन किया जाएगा।